तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 नपा बागबाहरा में हुई साधारण सभा की बैठक





12 शिक्षक पदस्थापना से हाईस्कूल मोहगांव में ...




## खबर संक्षेप

### खेत में दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नारायणपुर में खेत जोताई को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर पहले पक्ष के अविनाश बारिक पिता जनेक बारिक (33 साल) ने रिपोर्ट लिखाई है कि 9 जून को वह अपने पिताजी जनेक बारिक के साथ खेत में काम कर रहा था। तभी आयुष बारिक, अपर्णा बारिक, मनोज बारिक हमारे खेत में ट्रैक्टर से जोताई करवा रहे थे। जब प्रार्थी के पिता ने उनको हमारे खेत में क्यों जोताई करा रहे हो कहा तब आरोपियों ने एक राय होकर उसे एवं पिता को से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किए तथा मोबाइल को तोड़कर फेंक दिया मारपीट से दोनों को चोटें आई। वहीं दूसरे पक्ष के रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि आयुष मयंक बारिक पिता मुकेश (20) ने एफआईआर कराई है कि वह अपने चाचा मनोज बारिक, दादी पुन्यवती बारिक एवं मेरी फूफी अपर्णा बारिक के साथ खेत में काम करने गया। खेत में ट्रैक्टर से जोताई का काम कर रहे थे, तभी गांव के अविनाश बारिक एवं जनेक बारिक खेत में आकर चालक को ट्रैक्टर रोकने के लिए कहा। तब अपर्णा बारिक ने आरोपियों से ट्रैक्टर रोकने के लिए क्यों बोल रहे हो कहा। इसके बाद आरोपी प्रार्थी और मेरी फूफी अपर्णा बारिक के साथ गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए अविनाश ने हाथ में रखे डंडे को फूफी को मारने के लिए उठाया था, उसने बीच बचाव किया तो डंडा से प्रार्थी के दाहिने हाथ में लगा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अलग-अलग मामला दर्ज किया है।

# अछरीडीह में नजदीकी स्कूल को छोड़कर डेढ़ किमी दूर स्थित शाला को किया मर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अछरीडीह में शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह डाइस कोड 22122113701 का युक्तियुक्तकरण किया गया है। दोनों शाला एक परिसर में नहीं है। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अछरीडीह एवं शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह के बीच पहुंच मार्ग से डेढ़ किमी से अधिक दूरी पर स्थित है तथा शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह डाइस कोड 22122113701 की दर्ज संख्या 103 है। सरपंच आसकरण सोनवानी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है तथा चूंकि दोनों शाला के बीच की दूरी लगभग डेढ़ किमी है। वह रास्ता कीचड़युक्त भी है। जिससे शाला संचालन में समस्या उत्पन्न होगा और बच्चों की पढ़ाई पुर्ण रूप से प्रभावित होगी। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अछरीडीह में शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह का युक्तियुक्तकरण में आपत्ति किया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा त्रुटी सुधारने शीघ्र ही संशोधन करने का आश्वासन दिया गया था। किंतु अभी तक कोई लिखित जानकारी नहीं दी गई है, इसलिए कलेक्टर से शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह को युक्तियुक्तकरण से नाम हटाने व संशोधन के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए मांग की गई है।

## ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग व कलेक्टर जनदर्शन में किया आदेश संशोधन की मांग

### युक्तियुक्तकरण का आदेश, नियम विरूद्ध

जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश जांगड़े ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह को उच्च प्राथमिक शाला अछरीडीह में गलत ढंग से युक्तियुक्तकरण आदेश जारी हुआ है, जो कि नियम विरुध्द है। क्योंकि, मिडिल स्कूल अछरीडीह के परिसर के निकट ही नवीन प्राथमिक शाला नयापारा अछरीडीह डाइस कोड 22122113705 है। नजदीकी शाला को छोड़कर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अछरीडीह से दूर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह जो कि डेढ़ किलोमीटर से अधिक दूर है। यहां अनुसूचित जाति के 90 प्रतिशत विद्यार्थी अध्ययन है तथा कच्चा कीचड़युक्त खराब रास्ता है। बच्चों का आना जाना मुश्किल है। फिर भी युक्तियुक्तकरण करने का आदेश प्रसारित किया गया है।




### ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर की निराकरण की मांग

ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच आशकरण सोनवानी, जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश जांगड़े, उपाध्यक्ष कल्याण सिंह कुर्रे, कुंजबिहारी सिंह ठाकुर, डा भगवती साहू, उपसरपंच आकाश निषाद, पंच प्यारेलाल पुरेना, बसंत निषाद, हेमलता बंजारे, मनीषा बंजारे, कविता पुरेना, प्यारे लाल पुरेना शामिल रहे। ब्लाक शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने बताया कि एक ही गाँव में दो स्कूल है। इसी कारण नाम में त्रुटि हुआ था, सुधार के लिए भेज दिया गया हैं। नजदीक स्कूल का होगा, जो दूर है डेढ़ किलोमीटर उसका निराकरण हो चुका है। इस बारे में ग्राम के जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके है।

## राहत: 8 सालों से चल रही मांग हुई पूरी, तुमाडबरी सड़क बनकर तैयारी

# बरसों का इंतजार खत्म, विद्यार्थियों व राहगीरों को मिलेगी परेशानी से निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जर्जर सड़क में बड़े बड़े गड्ढों और

- अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

कीचड़ के छींटों से तुमाडबरी मार्ग पर स्थित स्कूल के छात्रों को इस 8 साल पुरानी समस्या से निजात मिलने जा रही है। जिला मुख्यालय से महज दो किमी दूर तुमाडबरी से परसदा जाने वाले मार्ग में सड़क निर्माण का काम लगभग पूरा हो गया है। इससे अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भी सुविधा मिलेगी। स्कूल के छात्रों को शाला पहुंचने इस परेशानी भरी सड़क से गुजरना होता था।

पिछले 8 साल से सडक़ को बनाने की मांग की जा रही थी, लेकिन राशि मिलने के बाद भी काम अधूरा था। जो अब जाकर सड़क निर्माण का काम पूरा होगा। वर्तमान में केवल स्वामी आत्मानंद स्कूल तक 500 मीटर तक सडक़ का निर्माण किया जाएगा। 93 लाख की लागत से बनने वाले सडक़ का निर्माण का लगभग पूर्ण हो चुका है। सड़क बन जाने से न केवल स्कूली बच्चों बल्कि लोहारडीह, कौंदकेरा, तुमगांव, परसदा समेत 6 गांवों के लोगों को जाने जाने में सहूलियत होगी। मार्ग अधूरा रहने के कारण गिट्टी उखड़ी चुकी थी।

इससे लोग हादसे का शिकार हो रहे थे। खासतौर पर बारिश के दिनों में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती थी। बारिश से पूरे रास्ते भर कीचड़ के अलावा जगह- जगह खतरनाक गड्ढे बन जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर बीके पांडेय ने बताया कि अभी कुछ काम बाकी है। एक महीने के भीतर सभी काम पूर्ण कर लिए जाएंगे। अभी सड़क के किनारे नाली निर्माण और बेस का काम शेष है।





### फैले गिट्टी से हो सकते हैं हादसे

इधर, पेट्रोल पंप के पास सड़क चढने के लिए ढलान को अभी भी समतल नहीं किया गया है। जहां गिट्टी फैला हुआ है। इससे बाइक व साइकिल सवार के फिसलने का खतरा बना हुआ है। इससे बड़ा हादसे का डर है। इस मार्ग से ग्रामीणों के अलावा सुबह-शाम स्कूली बच्चे आना-जाना करते है। गिरने से चोटिल होने की खतरा मंडरा रहा है।

### आठ साल पहले की मांग अब होगी पूरी

ज्ञात हो कि यह निर्माण काम मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अगस्त 2017 में शुरू होना था। उस समय यह मार्ग 63 लाख रुपए की लागत से बनाया जाना था। कार्य इसलिए शुरू नहीं हो पाया, क्योंकि इस मार्ग पर धान संग्रहण केंद्र है। धान से भरी गाड़ियों का आना-जाना होता है। इस कारण 8 साल से सडक निर्माण कार्य नहीं हो पाया था।

# दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा बरकरार, हाईकोर्ट ने की अपील खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के ग्राम लमकेनी के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपी मां की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट की डिवीजन बेंच ने फैसले में कहा है कि मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है, लेकिन ये सभी सबूत आपस में जुड़कर एक ऐसी कड़ी बनाते हैं जो संदेह से परे अपराध साबित करते हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस विभू दत्त गुरु की डीबी में हुई। दरअसल, महासमुंद के लमकेनी निवासी शिक्षक जनकराम साहू ने 20 दिसंबर 2017 को पुलिस को बताया कि उनके किराएदार ईश्वर पांडे की पत्नी और बेटियां घर के अंदर खून से लथपथ पड़ी हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों लड़कियां मृत मिलीं, और उनकी मां यमुना गंभीर रूप से घायल थी। घटनास्थल से चाकू, ब्लेड, मोबाइल, सुसाइड नोट बरामद किया गया था। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया था। अपने बयान में उसने बताया कि उसका वैवाहिक जीवन पिछले 6 साल से ठीक नहीं चल रहा था। पति और बेटियां एक-दूसरे से प्यार करते थे। उसे ताना मारते थे, इस वजह से वह डिप्रेशन में चल रही थी, जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोप महिला ने डिप्रेशन और पारिवारिक तनाव के चलते वारदात को अंजाम दिया था। उसने डॉक्टरों के सामने अपने बयान में इस बात को स्वीकार भी किया कि उसने ही अपनी बेटियों की हत्या की। इसके बाद आत्महत्या की कोशिश की।

### ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी सजा

मामले में महासमुंद के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 18 मार्च 2021 को फैसला सुनाया, जिसमें महिला को आईपीसी की धारा 302(2) और धारा 309 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जिसके खिलाफ उसने हाई कोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी महिला की तरफ से तर्क दिया गया, कि वह खुद भी पीड़िता है। वर्षों से मानसिक रूप से अस्थिर थी।

### हाईकोर्ट ने किया अपील खारिज

महिला ने कोर्ट में बताया कि उसके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है, जबकि राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि घटनास्थल पर बरामद सामान, सुसाइड नोट, मेडिकल रिपोर्ट और महिला के बयान से स्पष्ट है कि वारदात उसने ही की थी। हाईकोर्ट ने अपील खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा, कि यह मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। सभी साक्ष्य आपस में जुड़कर एक ऐसी श्रृंखला बनाते हैं, जो संदेह से परे अपराध को साबित करते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि कोर्ट का निर्णय सही है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।

# एनएचएम कर्मचारियों ने विधायक योगेश्वर सिन्हा को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विधानसभा के मानसून सत्र में उठेगा मुद्दा, चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेशभर के 16,000 से अधिक संविदा कर्मियों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की। इसी क्रम में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों में एनएचएम कर्मचारियों ने अपने-अपने विधायकों को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सरकार से माँगों के शीघ्र निराकरण की अपील की गई।

संघ ने स्पष्ट किया है कि वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी के चलते यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। आंदोलन का उद्देश्य मानसून सत्र में सरकार का ध्यान आकर्षित करना है, जिससे इन मांगों को गंभीरता से उठाया जा सके। संघ की मांगों में नियमितीकरण, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड-पे निर्धारण, स्थानांतरण नीति लागू करना, सेवा शर्तों में संशोधन, अन्य विभागों के समकक्ष सुविधाएं, रोजगार सुरक्षा, मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश, वार्षिक वेतनवृद्धि, चिकित्सा बीमा/भत्तों की सुविधा शामिल है। संघ द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 10 जुलाई को विधायकों को ज्ञापन, 11 को भाजपा जिलाध्यक्षों को ज्ञापन, 12-16 जुलाईः काली पट्टी बांधकर कार्यस्थल पर विरोध, 16 को विशेष ज्ञापन दिवस (कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को) एवं 17 को रायपुर चलो– राजधानी में विशाल प्रदर्शन एवं विधानसभा घेराव किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएच एम संविदा कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान राम गोपाल खूंटे जिलाध्यक्ष, प्राविण नागदेवे, यादराम साहू, सुनील साहू, ओम पटेल, टेकलाल नायक, निर्मल साहू, खोमन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

### सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा 13 को

**महासमुंद।** पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर भर्ती के लिए 13 जुलाई को परीक्षा होगी। 113 पदों पर भर्ती होगी। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर और जगदलपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। भर्ती में 96 सिविल और 17 विद्युत-यांत्रिकी सब इंजीनियर के पद हैं।

# जैन समाज ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विवेकसागर मसा एवं शासनरत्नसागर मसा की पावन निश्रा में जैन समाज ने धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया। सर्वप्रथम शासनरत्नसागर मसा ने फरमाया कि सम्यक ज्ञान सम्यक दर्शन एवं सम्यक चारित्र ही मोक्ष प्राप्ति का वास्तविक मार्ग है। अगर हमें सुगुरु सुदेव व सुधर्म मिल जाए, तो निश्चित रूप से सच्चे ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। जिन्हें सच्चे गुरु मिल जाए उन्हें कोई भी भयभीत नहीं कर सकता। अगर हम गुरु का हाथ पकड़ लें तो मंजिल की प्राप्ति अवश्य होगी। इस अवसर पर गुरुदेव ने कहा कि आप स्वयं का भला करने का कार्य करना चालू करो। और अपना भला करने के लिए लिए दूसरों का भला करना आवश्यक है। क्योंकि, जैसा बीज आप बोओगे, वैसा ही फल मिलेगा। अपने जीवन का उद्धार करने के लिए उन्होंने एक मूलमंत्र दिया कि सतगुरु के बताए मार्ग पर बिना शंका के चलते जाओ। इस अवसर पर हेमंत झाबक, उदित बरडिया, यतन मगन बहु मंडल ने भजन प्रस्तुत किया एवं यशस्वी चोपड़ा, भक्ति गोलछा ने गुरु के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। तोषी लुनिया के नेतृत्व में गुरु की महिमा पर एक नाट्य मंचन आज का सच भी हुआ, जिसमें राशि बोथरा, साक्षी बरडिया, श्वेता पींचा, रीना चौरडिया और श्रेया पींचा ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर नेहा लुनिया द्वारा भगवान महावीर स्वामी के चौदह स्वप्नों पर आधारित स्वलिखित पुस्तिका का विमोचन विवेकसागर मसा के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुशल चोपड़ा ने किया। उक्त जानकारी जैन श्री संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा एवं ललिता बरडिया ने दी।

### महेंद्रसागर एवं मनीषसागर का दीक्षा दिवस आज

आगे जानकारी देते हुए धीरज गोलछा ने बताया की गुरु पूर्णिमा के दिन आज से 24 साल पहले यहां विराजित संतों के गुरु उपाध्याय भगवंत महेंद्र सागर एवं मनीष सागर मसा ने सांसारिक जीवन को त्यागकर दीक्षा ग्रहण की थी। जैन श्री संघ महासमुंद ने इस अवसर पर दोनों गुरुओं की फोटो पर अक्षत एवं चंदन से गुरुपूजन किया और उचित स्वास्थ्य की कामना की।

## गुरु पूर्णिमा से शुरू हुई एक माह की गंगा आरती

# सिरपुर, बम्हनी में श्रावणी अभिषेक आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु पूर्णिमा पर जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित श्वेत गंगा बम्हनी में गंगा आरती शुरू हुई। पूरे सावन माह में यहां आयोजन प्रतिदिन संजय 6:30 बजे जारी रहेगा। आयोजन समिति के रामेश्वर पांडेय, खिलावन यादव, गोपाल साहू, भुवन साहू ने बताया कि आयोजन को लेकर बैठक हुई थी। जिसमें तैयारी के संबंध में चर्चा हुई। यहां जल लेने आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए शनिवार को भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस बार 4 सावन सोमवार पड़ रहा है। यहां जल लेने प्रदेश सहित दूसरे प्रांत से भी काफी संख्या में कांवड़ यात्री शनिवार को जल लेने पहुंचते हैं और वे नंगे पांव यात्रा करते हुए रविवार की दोपहर सिरपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम उपरांत सोमवार को बाबा गंधेश्वर नाथ का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण करते हैं। 11 जुलाई से सावन माह प्रारंभ हो रहा है, इस बार प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पड़ेगा। इसी तरह 21, 28 जुलाई एवं 4 अगस्त को द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ सावन सोमवार पड़ेगा। रविवार को जल लेकर आने वाले कांवर यात्रियों की भोजन व्यवस्था बोल बम सेवा समिति द्वारा रात्रि में की जाती है। बोलबम सेवा समिति सिरपुर के अध्यक्ष थनवार यादव, उपाध्यक्ष सुंदर साहू व संजय पांडेय ने बताया कि प्रथम रविवार 13 जुलाई को निहाल सोनकर द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। इसी तरह 20 जुलाई को सुंदर साहू व 27 जुलाई को जोगेंदर, निरंजन सिंह, लक्ष्मण पटेल परिवार तथा 3 अगस्त को पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। सावन को लेकर खासा उत्साह है। बम्हनी में भी बम्हनेश्वर महादेव का प्रतिदिन श्रावणी अभिषेक पूजा सुबह 9 बजे से किया जाएगा। जिसके तैयारी की गई है। यहां जजमान बनने के लिए मंदिर समिति से संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह सिरपुर में भी सावन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। गंधेश्वरनाथ महादेव ट्रस्ट सिरपुर के मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर, मंगलू ढीमर ने बताया कि सावन माह में अनेक आयोजन यहां किए जाएंगे। इस बार 27 जुलाई को संध्या 6:30 बजे गंधेश्वर महादेव मंदिर के नीचे महानदी तट पर चित्रोत्पला गंगा आरती की जाएगी। इसी तरह 1 अगस्त को भोलेनाथ का महानदी तट से मानव श्रृंखला बनाकर सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 अगस्त को दोपहर 1 राजाधिराज गंधेश्वर नाथ महादेव की सवारी पालकी यात्रा मंदिर से निकलेगी, जो सिरपुर भ्रमण उपरांत वापस मंदिर पहुंचेगी। बाबा के सिरपुर भ्रमण के दौरान मंदिर का पट बंद रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की है। बाजार में कांवड़ यात्रियों के लिए सामानों की दुकानें सजने लगी है।



# सरकारी कर्मचारी का दर्जा समेत अन्य मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने आज कलेक्टोरेट पहुँचकर न्यूनतम 26 हजार रुपए वेतन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, पीएफ ग्रेच्युटी और पेंशन का अधिकार, रिटायरमेंट के पश्चात एकमुश्त 5 लाख रुपए और विभागीय कार्यों में दमन उत्पीड़न और जबरदस्ती बंद करने की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संयुक्त मंच संयोजक समिति की श्रीमती सरिता पाठक, रुक्मणी सज्जन, सुधा रात्रे, हेमा भारती, कल्पना चंद ने बताया कि हम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं पिछले 50 वर्षों से केंद्र और राज्य सरकार के अधीन स्वयंसेवी के रूप में काम कर रही हैं, जिसे अब तक ना मजदूर का दर्जा मिला है और ना कर्मचारी का। हमारे लिए न किसी प्रकार का वेतन अधिनियम है और न ही न्यूनतम वेतन के कानून में हमें शामिल किया गया है। दुर्भाग्यजनक है कि आज तक केंद्र सरकार की ओर से कार्यकर्ता को 4500 रुपए और सहायिका को 2250 रुपए प्रतिमाह दिया जाता है,जो न्यूनतम वेतन से भी काफी कम है इसे जीने लायक वेतन कदापि नहीं कहा जा सकता, इसके अलावा और कोई सुविधा न महंगाई भत्ता, न पेंशन, ग्रेच्युटी, न समूह बीमा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और न ही पदोन्नति दी जाती है। ट्रेड यूनियन की ओर से यह मांग की गई है कि देश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित सभी स्कीम वर्कर्स को 26 हजार रुपए मासिक दिया जाना चाहिए। साथ ही प्रतिमाह 9 हजार रुपए पेंशन की मांग भी की गई है। इसके अलावा गरीब, शोषित पीड़ति जनता की मांगें उठाई गई है जिसमें हम भी शामिल हैं। हम अपने अधिकारों के लिए लगातार लड़ाई कर रहे हैं। एक और तो हमें स्वयंसेवी कहा जाता है लेकिन हमसे दोगुना, तिगुना काम लिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्षों से हम अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रख रहे हैं लेकिन इसके बारे में सरकारों का रुख उदासीन है। ऐसी स्थिति में हमारे सामने आंदोलन और हड़ताल के अलावा कोई रास्ता नहीं है।



**खबर संक्षेप**

## शिक्षा व्यवस्था की दुर्गति भाजपा सरकार का लक्ष्य



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ में सरकार के युक्तियुक्तकरण से बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने युक्तियुक्त कारण लागू कर इतने सालों पुरानी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है और बच्चों का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। आम आदमी पार्टी आगामी 11 जुलाई को युक्तियुक्तकरण के विरोध में सभी जिलों में धरना प्रदर्शन करेगी। आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार से मांग किया है कि युक्तियुक्तकरण को सरकार तुरंत रद्द करे। निर्धारित समय सीमा में व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावित जनता के साथ मिलकर इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को, जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

**महासमुंद।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि बढ़ते प्रकरणों तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के उद्देश्य से आगामी 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के तैयारियों के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष नीता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के वीडियों कांफ्रेंसिंग कक्ष में प्री.लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विभिन्न बैकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) मोनिका जायसवाल की उपस्थिति में प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा महासमुंद स्थित विभिन्न बैकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। बैंक के शाखा प्रबंधकों से पूर्व लोक अदालत में प्रस्तुत किए गए प्रकरणों की स्थिति तथा वर्तमान में प्रस्तुत करने वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। ताकि, अधिक से अधिक प्रकरण रखकर ऐसे प्रकरणों को आपसी सुलह के माध्यम से निराकरण किया जा सके।

# नपा बागबाहरा में हुई साधारण सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगर पालिका की पहली साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सिटी डेवलपमेंट प्लान सहित नगर पालिका का वार्षिक बजट पेश किया गया।

परिषद की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदो के बीच नगर विकास को लेकर आपसी तालमेल नजर आया। जिसमें सर्व सम्मति से 151 करोड़ रुपए का सिटी डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 17.57 करोड़ का अनुमानित बजट पेश किया गया। खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष द्वारा बजट में विद्यार्थियों के लिए 1.50 करोड़ की लागत से ई-लायब्रेरी, नगर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7.00 करोड़ की लागत से आडिटोरियम, दूषित जल के उपचार के लिए 5.50 करोड़ की लागत से एसटीपी का स्थल चयन कर, नगरवासियों के लिए शुद्ध पेयजल के लिए 60 करोड़ की लागत से डब्ल्यू टीपी प्लांट निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही बैठक में नगर की बुनियादी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें साफ-सफाई व्यवस्था, वार्डो के पहुंच मार्ग की दुरुस्तीकरण, नगर के तालाबों का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्क लाइट, नगर पालिका जनप्रतिनिधियों के मानदेय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे।

परिषद की बैठक में खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष देवेश साहू , पार्षदगण सविता दीवान, कुलेश्वर देवांगन, शैलेश साहू, प्रीति महेंद्र गुप्ता, रमेश ठाकुर, मंता यादव, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर, थानुराम पांडे, प्रेम रूपेश साहू, श्यामा लोकू चंद्राकर, उदय जीतू चंदेल, शिवा जगत, अनिता अजीत तांडी, सीएमओ गिरीश कुमार चंद्रा, उप अभियंता शशि प्रताप सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सहकारी समिति बरोंडाबाज़ार में सुगम खाद वितरण व्यवस्था

**महासमुंद।** जिले में खाद भंडारण एवं वितरण की समुचित व्यवस्था से किसान संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। जिससे किसानों को उपलब्ध खाद का आवश्यकतानुसार वितरण किया जा रहा है। जिले में अब तक 35798 टन खाद का भंडारण किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के सहकारी समितियों के माध्यम से भी खाद का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे ही 10 जुलाई की स्थिति में सहकारी समिति बरोंडाबाज़ार में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की व्यवस्था से किसान खुश नजर आ रहे हैं। समिति प्रबंधक ने बताया कि समिति में अब तक यूरिया 66.60 टन, सुपर फॉस्फेट 50 टन, पोटाश 25 टन, डीएपी 50 टन तथा एनपीके 25 टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 51.010 टन खाद अभी भी विक्रय के लिए शेष है। खाद वितरण की यह व्यवस्था किसानों के लिए राहत भरी साबित हो रही है। ग्राम लाफिन खुर्द के लघु कृषक गंगाराम मार्कंडेय ने समिति में उपलब्ध खाद व्यवस्था की सराहना करते हुए बताया कि उन्हें समय पर उनकी जरूरत के अनुसार 2 बोरी यूरिया और 2 बोरी सुपर फॉस्फेट उपलब्ध कराई गई। उन्होंने समिति के प्रबंधन को सराहनीय बताया। इसी तरह, लाफिन खुर्द के ही एक अन्य किसान दशरथ साहू ने भी 4 बोरी यूरिया और 4 बोरी सुपर फॉस्फेट प्राप्त किया तथा बताया कि समिति की व्यवस्था सहज और सुचारु है। ग्राम मचेवा के किसान कार्तिक ने 3 बोरी यूरिया, 2 बोरी सुपर फॉस्फेट और 1 बोरी पोटाश प्राप्त कर संतोष व्यक्त किया। वहीं, बरोंडाबाज़ार के किसान मालिक जगत ने 3 बोरी यूरिया और 5 बोरी सुपर फॉस्फेट तथा तोमनलाल ने 2 बोरी यूरिया और 2 बोरी सुपर फॉस्फेट प्राप्त किए।

## बेलसोंडा रेलवे फाटक पर पानी निकासी की समस्या का त्वरित निराकरण: हुलसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बेलसोंडा के पास लगे एनएच 353 रेलवे फाटक के पास पुलिया में निकासी बंद हो जाने के कारण यातायात एवं व्यवसाय प्रभावित हुआ। जब जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर को इस समस्या की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत स्थल पर जाकर पानी निकासी का अपने स्तर पर प्रयास किया।

विदित ही कि पानी निकासी न होने का मुख्य कारण रेलवे विभाग द्वारा जगह-जगह मटेरियल का रखा जाना है, जिससे पुलिया में पानी का निकास नहीं हो पा रहा था। इसके अलावा ठेकेदार द्वारा बनाया गया पानी निकासी पुलिया भी ब्लॉकेज हो गया था। इस समस्या के कारण न केवल यातायात और व्यवसाय प्रभावित हुआ था, बल्कि किसानों को भी नुकसान हुआ है। पानी की निकासी नहीं होने से उनके खेतों में पानी भर गया था, जिससे उनकी फसलें खराब होने की संभावना थी। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सूचित किया और उन्हें पानी निकासी व्यवस्था करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनपद उपाध्यक्ष ने आसपास के लोगों और व्यवसायियों से भी आग्रह किया कि वे कचरे का सही निपटान करें और इसे जहां-तहां न फेंकें। उन्होंने कहा कि कचरे के सही निपटान से इस तरह की समस्याओं को रोका जा सकता है और क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। जनपद उपाध्यक्ष के प्रयासों से पानी निकासी व्यवस्था करवाई गई और समस्या का समाधान किया गया। अब यातायात और व्यवसाय सामान्य हो गया है और किसानों को भी राहत मिली है।

# बास्केटबाल संघ के पदाधिकारियों ने नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

### बास्केटबाल कोर्ट में लाइट मरम्मत, खेल सामग्री वितरण, मैदान समतलीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला बास्केटबाल संघ के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात कर मिनी स्टेडियम स्थित बास्केटाबाल कोर्ट की लाइट मरम्मत की मांग तथा मैदान समतलीकरण व खेल सामग्री वितरण हेतु खेल एवं युवा कल्याण विभाग को पत्राचार करने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। जिस पर नपाध्यक्ष साहू ने अतिशीघ्र बास्केटबाल कोर्ट की लाइटों के मरम्मत कराने का आश्वासन दिया व खेल सामग्री वितरण तथा मैदान समतलीकरण के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को पत्र लिखकर खिलाड़ियों की सुविधा के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रयास करने की बात कही।

संघ के सदस्यों ने नपाध्यक्ष साहू को बताया कि बास्केटबाल कोर्ट में प्रतिदिन सुबह-शाम 50 से 60 बच्चे अभ्यास करते हैं। बास्केटबाल कोर्ट की लाइट खराब होने के कारण बच्चों को खेल अभ्यास करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, मैदान का समतलीकरण करने की आवश्यकता है। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की नई खेल नीति के तहत खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत खेल सामग्री वितरण करने पालिका की ओर पत्र प्रेषित करने की मांग भी की। संघ की सभी मांगों का गंभीरता पूर्वक सुनकर नपाध्यक्ष साहू ने आवश्यक पहल करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर गौरव चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, कलेश्वर चंद्राकर, शुभम तिवारी, अभिषेक अंबिलकर, दिव्या रंगारी, मयंक शर्मा, आकाश सोनी सहित पार्षद नीरज चंद्राकर व पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

#### स्वर्ण पदक विजेता दिव्या का बढ़ाया मनोबल

संघ के सदस्यों के साथ पालिका अध्यक्ष से मुलाकात करने बास्केटबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता दिव्या रंगारी भी पहुंची। दिव्या ने छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिले से शामिल होकर उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। दिव्या ने श्रीलंका के विरूद्ध खेले मैच में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश व महासमुंद का नाम रौशन किया। दिव्या की इस उपलब्धि पर नपाध्यक्ष साहू ने हर्ष जताया है।



## आशीबाई स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार 10 जुलाई 2025 को शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते, उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन में गुरु के स्थान और मार्गदर्शन का महत्व समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, छाया रंगारी, पूजा साहू एवं आशीष देवांगन ने भी अपने विचारों के माध्यम से गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सभी वक्ताओं के विचार अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक रहे। विद्यालय की शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने भी गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस कार्यक्रम में ज्योति किरण चंद्राकर, दुर्गेश नंदिनी यदु, खेमलता कंवर, तुलसीराम साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## शिक्षक विहीन एवं एकल स्कूलों के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ युक्तियुक्तकरण

**भंवरपुर/बसना।** बसना विकासखंड के दुरस्त क्षेत्र बड़े साजापाली, जमदरहा, खोकसा, चनाट, बिरनडबरी, लंबर, बिछिया आदि जगह में अधिकांश स्कूलों में एकल शिक्षक या शिक्षक विहीन शाला थे। कई स्कूल में छात्रों की संख्या 10 से नीचे था। ग्रामीण पालकों में शिक्षक आने पर बहुत खुश है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग का स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का दूरदर्शी निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस उत्कृष्ट पहल से जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, संचालक सतीश नायर, सयुंक्त संचालक नंदू सिन्हा, डीएमसी रेखराज शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद शुक्ला एवं अंचल के समन्वयकों ने हर्ष जताया।

## राशन वितरण की तिथि बढ़ने से गरीब परिवारों को मिली राहत : भाऊराम



**महासमुंद।** जिले के हितग्राहियों को 3 माह का एकमुश्त राशन प्रदान करने की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाए जाने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने इसे सरकार द्वारा लिया गया एक गरीब हितैषी ऐतिहासिक कदम बताया है। साहू ने कहा कि तिथि आगे बढ़ने से कोई भी हितग्राही राशन से वंचित नहीं होगा। समय सीमा बढ़ाए जाने से हर पात्र व्यक्ति को उसका हक समय पर मिलेगा और कोई भी परिवार राशन से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत लेकर आया है।



## पैकिन स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक स्कूल पैकिन में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर बताया गया यह दिन गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और उनके मार्गदर्शन को सम्मान देने का दिन है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक एन बारिक द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस पावन अवसर पर सीएसी बीसी साहू, एमबी साहू, आर पैंकरा, एस. प्रधान और संगीता बारिक की उपस्थिति रही। छात्रों ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत, और गुरु की महत्ता पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत कर समा बांध दिया। सभी वक्ताओं ने गुरु की भूमिका पर गहन और प्रेरणादायक विचार रखें। बारिक ने कहा, गुरु केवल ज्ञान नहीं, चरित्र भी गढ़ते हैं। बीसी साहू ने प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के बीच पुल बनाने की बात कही। एमबी साहू ने शिक्षक को जीवन निर्माता बताया। आर पैंकरा ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और आदर का महत्व समझाया। एस प्रधान ने कहा, गुरु ही अज्ञान से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। संगीता बारिक ने कहा, एक अच्छा शिक्षक, बच्चे के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे दिशा देता है। छात्रों ने अपने शिक्षकों को धन्यवाद पत्र और स्वनिर्मित कार्ड भेंट किए, जिससे माहौल भावनात्मक हो उठा। अंत में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि हम अपने गुरुजनों का सम्मान करेंगे, सीखने की ललक बनाए रखेंगे और अच्छे नागरिक बनेंगे।

# शिक्षक पदस्थापना से हाईस्कूल मोहगांव में लौटी शिक्षा की रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल मोहगांव की स्थापना वर्ष 2022 में विद्यार्थियों को माध्यमिक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। किंतु विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण प्रारंभ से ही यह संस्था शिक्षकविहीन स्थिति में संचालित हो रही थी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अभिभावकों की चिंता और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में बाधा को लेकर ग्रामीणजनों में निराशा व्याप्त थी।

शिक्षा विभाग द्वारा इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से हाल ही में तीन व्याख्याता अंग्रेजी, गणित एवं कला विषय के लिए इस विद्यालय में पदस्थ किए गए हैं। इन विषयों की अत्यधिक आवश्यकता थी क्योंकि ये विद्यार्थी के समग्र बौद्धिक और रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। देवेंद्र चंद्राकर, शैलेंद्र ठाकुर, रामसिंह नाग व विज्ञान सहायक भूपेंद्र जसपाल शिक्षकों की नियुक्ति के साथ ही विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां पुनः गति पकड़ने लगी हैं। अब नियमित रूप से कक्षाएं संचालित हो रही हैं और विद्यार्थी पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ अध्ययन में भाग ले रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

विद्यालय में व्याख्याताओं की उपलब्धता से न केवल बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से प्रारंभ हुई है, बल्कि ग्राम मोहगांव सहित आस-पास के क्षेत्रों के पालकों एवं ग्रामीणजनों में भी प्रसन्नता की लहर है। बच्चों के भविष्य को लेकर अब उनमें आश्वस्ति का भाव है। ग्राम के नागरिकों ने शासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह निर्णय दूरस्थ ग्रामीण अंचल में शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि इसी तरह अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विद्यालय में शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। क्षेत्र के जनपद सदस्य भूपेंद्र मोंटू दीवान, सरपंच नरेंद्र दीवान व एसएमसी अध्यक्ष डॉ. चेतन साहू ने प्रसनता व्यक्त करते कहा कि शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा सबके लिए के उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी बच्चे को केवल संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न होना पड़े।

# कृषि विभाग ने निजी कृषि आदान सामग्री विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार गुरुवार को पिथौरा क्षेत्र के निजी कृषि आदान सामग्री विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में कृषि विभाग के उप संचालक एफआर कश्यप के नेतृत्व में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी भीमराव घोड़ेसवार, उर्वरक निरीक्षक ब्रजेश तुरकाने एवं राव शाखा निर्वाही शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान शिवम कृषि केंद्र पिथौरा में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशकों की स्कंध व मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं पाई गई। इसके अलावा बैच/लॉट नंबर के अनुसार भंडारण भी नहीं किया गया था तथा रिकार्ड अद्यतन न होने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। इन मामलों में संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि आज 400 मीट्रिक टन डीएपी एवं 800 मीट्रिक टन यूरिया का नया खेप जिले में पहुंचा है। जिसे शीघ्र ही भंडारित कर वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सुगमता से उपलब्ध हो और वे किसी भी प्रकार की ठगी या धोखाधड़ी के शिकार न हों। इसी उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में पदस्थ निरीक्षकों एवं मैदानी अमले को सतर्क निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। कृषि केंद्र संचालकों को भी चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बरतने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मोहर्रम में मुस्लिम जमात ने करबला के शहीदों की कुर्बानी व उनके किरदार को याद किया



**महासमुंद।** कादरी नगर बावनकेरा शरीफ में मुस्लिम जमात के तत्वावधान में मस्लिम समाज के द्वारा मोहर्रम शरीफ में ग्राम बावनकेरा शरीफ में तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मौलाना तारीख अनवर के द्वारा मस्जिद इमाम ने तकरीर किया। बाद तकरीर मुल्के हिंदुस्तान की शांति की दुआ किए। अंतिम दिन जिसे यौमें आशुरा कहा जाता है उस दिन मुस्लिम जमात के तमाम लोगों और हिंदू भाइयों के साथ नेशनल हाईवे पर आम लंगर और शरबत का वितरण किया गया। आने जाने वाले राहगीरों को वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख मुस्लिम समाज के मुखिया जमील खान, अलीम, अकील, मजहर, आकिद गुलजार, इमरान (राजा) अकबर, इस्माईल असलम, गु. रसुल, रमजान, कलाम, शकील, शाकिर, आफताब, सलीम, धनेश सिन्हा, मोरध्वज, गोपाल सरपंच बसंत सिन्हा, द्रोण चंद्राकर, मजीद खान, रफीक खान, फिरोज खान, आरिफ खान, रिजवान, सलमान इरफान, जाहिर इम्मू पीरमने, रियाज, महमुद्दीन शमर, आवेज खान, शमीर शामी, अन्य सभी धर्म के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उक्त जानकारी मो. सलीम अशरफी ने दी है।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



विशाखापट्टनम के प्रख्यात हॉस्पिटल्स में 10 वर्षो से अधिक अनुभव
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS

• एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
• कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
• स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
• स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
• आर्थोस्कोपी से सभी इलाज और ऑपरेशन
अब बसना में प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
MULTISPECIALITY HOSPITAL
सर्वे सन्तु निरामया
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
राशन कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज
किफायती दरों पर इलाज की सुविधा उपलब्ध.

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञा पीठ बटोरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**कोमाखान।** प्रज्ञा पीठ बटोरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व बहुत ही श्रद्धा एवं भक्ति भावना के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से प्रातः आठ बजे तक अखंड जाप साधना हुए। तत्पश्चात एक कुंडीय गायत्री यज्ञ संगीत प्रवचन के माध्यम से गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा के बताये हुये आदर्शों एवं उनके संदेशों को देवानंद वेदव्यास द्वारा सारगर्भित ढंग से समझाते हुए उपस्थितजनों को बताए। इस पर्व विशेष में पुंसवन एवं विद्यारंभ संस्कार भी सम्पन्न कराए गए। इस मौके पर मुख्य रूप से सालिक राम साहू, डेरहा राम साहू, महेंद्र ठाकुर, तोरण चंद्राकर, केआर सोनी, थानवर साहू, प्रकाश साहू, गेंदराम पटेल, पीलूराम देवांगन, पुरुषोत्तम चंद्राकर, मूलचंद साहू, प्रेमचंद साहू, रोशन ध्रुव, मनहरण साहू, देवनारायण साहू, राहुल साहू, सेवाराम साहू, लेखराम साहू, गोवर्धन सिन्हा, डिगेश साहू बालमुकुंद साहू, अग्रोतिन साहू, आशा सोनी, उर्मिला साहू, जमुना साहू, उर्मि साहू, हेमिन साहू, भूमिका साहू, रुपाली साहू, सुमन साहू, नीलम साहू, प्रेमा साहू, माधुरी साहू, स्वर्णिका साहू आदि उपस्थित थे। यह जानकारी केआर सोनी ने दी है।

### उत्साह : समर्थक लक्ष्मीकांत यदु ने की देहदान करने की घोषणा

# पूर्व विधायक चोपड़ा के जन्मदिन पर सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने "टाइगर अभी जिंदा है" के नारे लगाते हुए धूमधाम से मनाया। जन्मदिन पर पर सैकड़ों समर्थकों ने रक्तदान किया।

वहीं उनके समर्थक लक्ष्मीकांत यदु ने देहदान की घोषणा की। सात साल से बच्चे से लेकर सत्तर साल के बुजुर्गों ने जन्मदिन की बधाई दी। पूर्व विधायक डॉ चोपड़ा के जन्मदिन पर गुरुवार 10 जुलाई को उनके निवास व भाजपा कार्यालय में बधाई देने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। इस मौके पर भाजपा जिला कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां सैकडों भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने रक्तदान किया।



भाजपा कार्यालय में बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, संदीप दीवान, संदीप घोष, प्रशांत श्रीवास्तव, माधवराव टांकसाले, अग्रज शर्मा, मीना शर्मा, सुधा साहू, नागेंद्र गिरी गोस्वामी, सुजाता विश्वनाथन, वाणी तिवारी, सम्मी सलूजा, जितेंद्र साहू, गोविंद ठाकुर, उतरा प्रहरे, मोहन साहू, पवन साहू, हनीश बग्गा, शरद राव, अरविंद प्रहरे, हिरेन्द्र सोनी, पार्षद नानू भाई, विक्की गुरुदत्ता, नईम खान, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, मनीष शर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनवानी, ममता बग्गा, गोपी कन्नौजे, माखन पटेल, केशव साहू, खिलावन यादव, आकाश पांडे, दिनेश रूपरेला, गौरव राठी, रोशन, सरपंच साजन यादव, माखन सिन्हा, प्रेम साहू, यशवंत साहू, बल्लू यादव, कीर्ति बघेल, उमाकांत साहू, सुनील पटेल, सुनील निषाद, किशन कोसरिया, कुलजीत सलूजा, सागर साहू, संतु यादव, तेजराम साहू, नीलम यादव, लक्ष्मीकांत यदु, छन्नू साहू, अशोक ध्रुव, दशरथ साहू, महेंद्र सिक्का, चोवाराम साहू मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है रक्तदान : देवीचंद

पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा के जन्मदिन पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान कर संदेश दिया कि जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे बीमार लोगों के लिए खून की आवश्यकता होती है। रक्त के लिए कोई कारखाना नहीं होती, एक मानव का दूसरे मानव में रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है। इसलिए स्वस्थ मनुष्य को रक्तदान करना चाहिए, स्वास्थ्य के लिए भी

### इन्होंने किया रक्तदान

पूर्व विधायक डॉ चोपड़ा के जन्मदिन पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों समर्थकों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के संयोजक जितेंद्र साहू ने बताया कि पूर्व विधायक डॉ चोपड़ा के जन्मदिन पर पिछले 10 सालों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आशीर्वाद ब्लड बैंक की ओर से रक्तदाताओं को सुरक्षा के लिहाज से हेलमेट प्रदान किया गया। वहीं जिला हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज की संयुक्त टीम ने रक्तदान शिविर लगाकर अपनी सेवाएं दी। इस बार रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी अपनी सहभागिता दी। शिविर में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, हनीश बग्गा, मोहन साहू, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, सम्मी सलूजा, महेंद्र साहू, भावेश सिन्हा, प्रमीला साहू, प्रेम साहू, भुवनेश्वरी साहू, बिशनी यादव, रूपेश साहू, खेलन साहू, चक्रधर प्रधान, कीर्ति बघेल, भोजराम ध्रुव, चुम्मन निषाद, माखन पटेल, यादराम पटेल, डोमन यादव, चोवा साहू, दशरथ साहू, उमाकांत साहू, कुंदन साव, लवेश साहू, भरत टंडन, देवेंद्र राय, हेमलाल यादव, रूपेंद्र निषाद, सियाराम निषाद, अमरजीत सिंग, लक्ष्मीकांत यद्रु, आकाश पांडे, गोपाल चंद्राकर, शंकर लाल ध्रुव, चेरकु जलछत्री, महेंद्र सिक्का, ढालचंद सहित सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया।

## एनएचएम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर विधायक कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा बसना विधायक कार्यालय में डॉ. संपत अग्रवाल के प्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत सभापति प्रकाश सिन्हा व निज सचिव नरेंद्र बोरे को 16 सूत्रीय माँगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायीत्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन में मुख्य रूप से संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण, मानवता आधारित अनुकंपा नियुक्ति, छुट्टी और मातृत्व सुविधाएं, स्थानांतरण नीति, और आकस्मिक दुर्घटना राहत की मांग की गई है।

संघ ने मांग की कि स्वास्थ्य विभाग की नीतियों में समानता और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो तथा अन्य योजनाओं की तरह एनएचएम कर्मियों को भी उनका हक मिले। संघ के अनुसार इन माँगों के पूरा होने से राज्य के 16 हजार से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। ज्ञापन देने में एनएचएम ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा एवं बसना के एनएचएम कर्मचारी उपस्थित रहे।



### मानिकपुरी पनिका समाज ब्लॉक इकाई के निर्वाचन के लिए नामांकन की प्रक्रिया हुई

**बसना।** मानिकपुरी पनिका समाज ब्लॉक इकाई बसना के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन के अंतिम दिन में अध्यक्ष पद के लिए मलिन दास मानिकपुरी सावित्रीपुर, ब्रजबिहारी दास कुरचुण्डी, सचिव पद के लिए प्रदीप दास राजन बसना, विजय दास आमाभौना, उपाध्यक्ष पद के लिए हेमदास बड़े डाभा, कोषाध्यक्ष पद के लिए नेमीदास बरोली, महेश दास गौरटेक ने अंतिम दिवस पर अपना नामांकन दाखिल किया। बता दें कि मानिकपुरी पनिका समाज बसना ब्लॉक इकाई का निर्वाचन मतदान प्रक्रिया से प्रथम बार संपन्न होने जा रहा है। बसना ब्लॉक अंतर्गत 66 ग्रामों के सामाजिक मतदाताओं में भारी उत्साह है। मानिकपुरी पनिका समाज ब्लॉक बसना के मतदाताओं द्वारा अपने मतों का प्रयोग करेंगे। बसना ब्लॉक के कुल चार पदों के लिए अध्यक्ष पद हेतु 03, उपाध्यक्ष 02, सचिव 02, कोषाध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। कुल चार पदों के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरकर निर्वाचन अधिकारी के पास जमा किया गया। नामांकन के प्रथम दिवस अश्विनी दास पिपलखुंटा ने ब्लॉक अध्यक्ष एवं द्वितीय दिवस उपाध्यक्ष पद हेतु कठर दास उर्फ गजानंद मानिकपुरी बरपेलाडीह ने नामांकन भरा। उक्त जानकारी सामाजिक निर्वाचन अधिकारी शोभीदास मानिकपुरी, भागीरथी दास ने संयुक्त रूप से दी है।

## गुरु पूर्णिमा पर अंसुला पहुंचे विधायक, संत का आशीर्वाद लेकर कहाः गुरु होते हैं मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

गुरु पूर्णिमा पर विधायक डॉ संपत अग्रवाल सांकरा क्षेत्र के ग्राम अंसुला पहुंचे एवं संत सियाराम दास के चरणों में विधायक ने माथा टेका और कहा कि गुरु बिन ज्ञान न उपजे,गुरु बिन जग अंधियार। संत श्रीश्री 108 सतगुरु सियाराम दास महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा और अध्यात्म से परिपूर्ण रहा, जहां भक्तों की भीड़ अपने सतगुरु के चरणों में अर्पण भाव से उपस्थित थी। यह केवल एक नेता द्वारा किया गया औपचारिक दौरा नहीं था, बल्कि उनकी आत्मिक आस्था और गुरु पर अडिग विश्वास का प्रतीक था। डॉ अग्रवाल ने संत से मार्गदर्शन प्राप्त किया और उनके प्रवचनों में आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा, गुरु के बिना जीवन अधूरा होता है। गुरु ही हमारे जीवन के दीपक हैं, जो अज्ञान के अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने आगे यह दोहा समर्पित करते हुए श्रद्धा भाव प्रकट कियाः गुरु बिन ज्ञान न उपजे, गुरु बिन जग अंधियार। दीपक बन गुरु जलत हैं, मिट जाए



संदेह-तार। विधायक डॉ अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा, गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि वह दिन है जब व्यक्ति अपने जीवन में आए मार्गदर्शक को नमन करता है। गुरु आत्मा के भीतर चेतना जगाते हैं और जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। सैकड़ों श्रद्धालु ग्राम अनसुला में आयोजित इस आयोजन में शामिल हुए। सत्संग, भजन और गुरु वंदन ने वातावरण को भावनात्मक और भक्ति से भर दिया। संत ने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विचार देते हुए शिष्यों को आत्मज्ञान और सेवा का संदेश दिया। विधायक का यह कदम जनमानस में एक सकारात्मक संदेश देता है कि समाज में आध्यात्मिक संतुलन और गुरु के प्रति सम्मान राजनीतिक जीवन का भी अहम हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश अग्रवाल, भाजपा जिला सदस्य रमेश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिथौरा नरेश सिंघल, जनपद उपाध्यक्ष बसना मोहित पटेल, जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, विधायक निज सचिव नरेंद्र बोरे, विधायक प्रतिनिधि पिथौरा रविंदर आजमानी अग्रवाल, सांकरा सोसाइटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, सांकरा भाजपा मंडल महामंत्री मनोज बारिक, पत्रकार मनोज मिश्रा, प्रदीप साहू, कौशिक साहू, गनपत डड़सेना, उत्तम, अंसुला ग्राम के सैकड़ों ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

## 11 से 18 जुलाई तक मनाया जाएगा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा एवं विश्व जनसंख्या दिवस

**महासमुंद।** जिले में 11 से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा एवं विश्व जनसंख्या दिवस 2025 मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा एवं विश्व जनसंख्या दिवस के लिए जिले में स्थाई संसाधन पुरूषों के लिए पुरुष नसबंदी एवं महिलाओं के लिए महिला नसबंदी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में उपलब्ध है एवं अस्थाई संसाधन कंडोम, आईयूसीडी/पीपीआईयूसीडी, इंजेक्शन डंपा/अंतरा, छाया, माला एन गोली, इमरजेंसी कांट्रासेप्शन एंड कॉपर-टी जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है। जिसका प्रचार प्रसार सामुदायिक भागीदारी, अंतर-क्षेत्रीय अभिसरण और साझा जिम्मेदारी को बढ़ाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, महिला एवं बाल विकास, शहरी स्थानीय निकायों, स्वयं सहायता समूहों और सास-बहू सम्मेलन जैसे समुदाय आधारित मंचों के सदस्यों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। आउटरीच को अधिकतम करने के लिए इस पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों को डिजिटल प्लेटफार्म और व्यापक मीडिया चैनलों का कवरेज प्रदान किया जाएगा। जिला स्तर पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा एवं विश्व जनसंख्या दिवस 2025 में जागरूकता के लिए सभी विकासखंडों में मितानिनों के माध्यम से स्थाई एवं अस्थाई संसाधनों के उपयोग और महत्ता का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राव द्वारा जनता से अपील की है कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी इच्छानसार एवं आवश्यकता अनुरूप परिवार नियोजन के साधन अपनाएं।

# जर्जर भवन में पढ़ाई की मजबूरीः गड़बेड़ा स्कूल की हालत बदतर, 14 से तालाबंदी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा स्कूल का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छत से टुकड़े गिर रहे हैं, दीवारों में दरारें हैं और बारिश में पानी भरने से बिजली का करंट लगने का खतरा बना रहता है।

स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक करीब 225 बच्चे पढ़ते हैं। बरसात के दिनों में पढ़ाई करना बच्चों और शिक्षकों के लिए जोखिम भरा हो गया है। कहीं पंखे गिर रहे हैं तो कहीं छत टूटकर गिर रही है। इस कारण सभी में डर बना रहता है। स्कूल प्रबंधन समिति ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से हर साल शिकायत की जा रही है, लेकिन केवल निरीक्षण होता है, काम नहीं होता। अधिकारी आते हैं, देखते हैं और चले जाते हैं। फिर कुछ नहीं होता। इस बार हालात



बहुत बिगड़ गए हैं। ग्रामीणों, पालकों और समिति के लोगों ने मिलकर फैसला लिया है कि अगर मरम्मत जल्दी शुरू नहीं हुई, तो 14 जुलाई से स्कूल में तालाबंदी की जाएगी। इसकी जानकारी एक ज्ञापन के जरिए जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रीतम साहू प्रबंध समिति अध्यक्ष, गौरव चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, लोकनाथ नायक सरपंच प्रतिनिधि, मोहित यादव उपसरपंच और लालाराम नाग पंच सहित कई लोग शामिल थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल पहुंचकर हालात देखे और कहा कि फिलहाल सुरक्षित कमरों में बच्चों को बैठाया जाएगा और जो मरम्मत की राशि रुकी हुई है, उसे जल्दी जारी कर काम शुरू करवाया जाएगा।



### साप्ताहिक बाजार प्रांगण में लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मर को अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम पंचायत जलगढ़ के स्व. बिहारी लाल भोई जनकल्याण सेवा समिति ग्राम पंचायत जलगढ़ एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों को दिए गए ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2024 से ग्राम पंचायत जलगढ़ में स्व. बिहारी लाल भोई जन कल्याण सेवा समिति द्वारा साप्ताहिक बाजार का प्रति सोमवार को प्रस्ताव के आधार पर संचालित किया जा रहा है, साप्ताहिक बाजार प्रांगण में लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मर होने के कारण किसी अप्रिय घटना घटित होने से कोई इनकार नहीं किया जा सकता है। और बरसात के मौसम में विद्युत ट्रांसफॉर्मर के आस-पास करंट आने की संभावना बनी रहती है। साप्ताहिक बाजार के दिन यह स्थान अत्यधिक भीड़ एवं लोगों का आवागमन बहुत ज्यादा रहता है। जिसके चलते कभी अनहोनी घटना ना घटे। जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए साप्ताहिक बाजार प्रांगण में लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मर को अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

# भालूडोंगर रथयात्रा निकली, बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तजन, सरला भी हुई शामिल

**सरायपाली।** ग्राम भोथलडीह और केसराटाल सीमा पर स्थित भालुडोंगर में हर वर्ष रथयात्रा का मेला लगता है। क्योंकि, यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और पहाड़ के नीचे स्थित है, जिस कारण मेला में अत्यधिक भीड़ लगती है। इस भालुडोंगर रथयात्रा को देखने के लिए दूर दराज से श्रद्धालुजन आते है। समिति के सदस्यों ने इस क्षेत्र के विकास के लिए अनेक मांग रखी, जिस पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कहा कि भालुडोंगर को पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर पर्यटन स्थल घोषित करवाने के लिए चर्चा की जाएगी और मुझे उम्मीद है कि भाजपा की साय सरकार अतिशीघ्र घोषित करेगी। साथ ही पहाड़ के ऊपर मंदिर और चढ़ने के लिए सीढ़ी निर्माण व इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शासन के साथ साथ जनसहयोग से पूरा करने के लिए सार्थक पहल की जाएगी और आज से ही मंच पर उपस्थित अतिथियों ने सीढ़ी, मंदिर और सामुदायिक भवन के लिए सहयोग दिया है। सरला ने समिति के सदस्यों को आस्वासन दिलाया कि



भालुडोंगर रथयात्रा के मेला क्षेत्र को विकसित करने के लिए कोई बाधा नही आएगी। इस क्षेत्र के विकास के लिए मंच पर उपस्थित अतिथियों ने हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। साथ ही अतिशीघ्र समिति के सदस्यों को मुख्यमंत्री से मिलाने के लिए ले जाया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिपिन उपोवेजा, विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, भाजपा नेता प्रखर अग्रवाल, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रसन्न प्रधान, हृदय नायक, लिंगराज साहू, चंद्रभान नायक आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

// फार्म 'अ'//

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री प्रकाश गिलहरे पिता श्री रवि गिलहरे निवासी म.नं. 251 ग्राम देवपुरी सतनामी पारा जिला रायपुर एवं प्रमीला पात्रे पिता श्री रूपराय जांगडे निवासी म.नं. ए-11 सेक्टर-1 शंकर नगर जिला रायपुर/ग्राम लाभीडीह तहसील पिथौरा जिला महासमुंद ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 30 जुलाई, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा ।

आज दिनांक 30 जून, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक 2405 तह/वाचक/2025
बागबाहरा दिनांक 26/5/2025
रा.मा.क्र......व/121, वर्ष 2024-25
ग्राम बागबाहरा प.ह.नं. 22 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम बागबाहरा प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. बागबाहरा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक नरेश सोनवानी पिता किरताराम जाति गाड़ा निवासी ग्राम बागबाहरा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री सोनिया सोनवानी जाति गाड़ा की जन्म दिनांक 02/02/2007 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 19/07/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 26/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## गायत्री परिवार ने कराया बंदियों का दीक्षा संस्कार

**महासमुंद।** जिला जेल परिसर में गायत्री परिवार के महिला मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व पर दीप यज्ञ कर गुरु का जीवन में महत्व को बताया गया। इस अवसर पर 7 बंदियों ने गुरु दीक्षा ली और 40 दिवसीय साधना करने की सहमति प्रदान किए। कैदियों ने अखंड ज्योति युग निर्माण योजना के स्वाध्याय से मिली अनुभूतियों को बड़े श्रद्धापूर्वक व्यक्त किए और आगे का जीवन को सत्कार्यों में लगाने संकल्पित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्णिमा साहू, राधेश्याम, सुकालू निषाद, पिंकी सेठ, चमेली साहू, पुष्पा साहू, दुलारी चंद्राकर, प्रेमलता साहू, टामीन साहू, कानेश्वरी निषाद, भूखन निषाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्ताशय की जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी।

## पत्रकार रोमी को बनाया गया गरियाबंद का प्रभारी

**सरायपाली (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़



वेलफेयर जर्नलिस्ट यूनियन पत्रकारों के बड़े संगठन की बैठक में रोमी सलूजा को गरियाबंद जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम एवं प्रदेश महासचिव कृष्ण कन्हैया गोयल अन्य पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा है कि सलूजा के नेतृत्व में रायपुर/गरियाबंद जिले के पत्रकारों को और अधिक मजबूती मिलेगी।



# रोहिना स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा का पर्व, छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान, छात्रों को गणवेश व कॉपी-पेन बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

शासकीय हाईस्कूल रोहिना में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन रखा गया। समारोह के मुख्य अतिथि उच्च वर्ग शिक्षक लक्ष्मण पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहिना ग्राम पंचायत सचिव उसत कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणावादिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा गुरुजनों का सम्मान तिलक लगा कर एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर युक्तियुक्त करण के तहत स्थानांतरित होकर आए शिक्षक लक्ष्मण पटेल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात छात्रों को गणवेश एवं कॉपी पेन का वितरण किया गया।

इस अवसर पर व्याख्याता क्रांति कुमार साहू ने गुरु-शिष्य परंपरा से छात्रों को अवगत कराया। लक्ष्मण पटेल ने कहा कि भगवान राम, कृष्ण को भी गुरु के आश्रम में जाकर ज्ञान अर्जन करना पड़ा। गुरु के सानिध्य में ही ज्ञान मिलता है। अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाए वही सच्चा गुरु है। एके पटेल ने गुरु पूर्णिमा का महत्त्व बताते हुए महर्षि वेदव्यास से संबंधित कथा सुनाये।

उसत कुमार ने कहा कि गुरु का आदर और सम्मान करने पर ही ज्ञान की प्राप्ति होगी। गुरु का प्रभाव जीवन को प्रभावशाली बना देता है। कमलेश साहू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि गुरु शिष्य का यह मधुर सम्बन्ध सदा बना रहे। माँ ही प्रथम गुरु है जिसने हमें बोलना सिखाया उंगली पड़कर चलना सिखाया। इस अवसर पर गुरुजनों द्वारा नेवता भोज कराया गया तथा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत कटहल पौधा का रोपण किया गया। प्रीति, ज्योति, नव्या, नीलम ने प्रेरक गीत एवं खुशबू यादव, सुमित यादव, दिव्या राणा, अजय राणा, संदीप सेठ ने गुरु महिमा से संबंधित दोहे एवं भाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान शिक्षक एस के पटेल, लीला पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कार्यक्रमः** सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन

# महर्षि विद्या मंदिर में हुआ गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय महर्षि विद्या मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान के अंतर्गत सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी एवं अतिथियों के रूप में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे एवं डॉ. रीता पांडेय (विभाग अध्यक्ष) के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं गुरुदेव महर्षि महेश योगी के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित की गई। गुरुपूजन की प्रक्रिया विद्यालय के सिद्धि शिक्षक सुभाषचंद्र पांडेय एवं सरस्वती वंदना का गायन विद्यालय की संगीत शिक्षिका भीमेश्वरी साहू द्वारा किया गया। पश्चात भारतीय संस्कृति की सुंदर परंपरा अतिथि देवो भवः निभाते हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। शाला के प्राचार्य का स्वागत



**सुंदरकांड पाठ**

महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान के अंतर्गत सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ विद्यालय के प्राचार्य, अतिथियों, शिक्षकों एवं समस्त विद्यार्थीगण द्वारा किया गया। पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत गायन एवं भाषण की प्रस्तुति ने समस्त शिक्षकों एवं अतिथियों के मन को हर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक नंदकुमार साहू एवं छात्रों में दुष्यंत साहू एवं ज्योत्सना शर्मा एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी छात्रों एवं शिक्षकों को प्रसाद वितरण किया गया।

विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। स्वागत उदबोधन में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी ने संस्कृत में गुरु का अर्थ होता है अंधकार को दूर करने वाला। गुरु केवल एक शिक्षक नहीं होता, बल्कि हमारे जीवन का मार्गदर्शक भी होता है। ज्ञान और बुद्धि देने से लेकर अपने शिष्यों में अच्छे संस्कार और मूल्य स्थापित करने तक, गुरु हमारे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में हम अपने श्रेष्ठ गुरुजनों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करने के लिए गुरु पूर्णिमा मनाते हैं। पश्चात अतिथि के रूप में उपस्थित करुणा दुबे ने बताया कि गुरु पूर्णिमा शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच विश्वास और सम्मान के मजबूत बंधन का उत्सव है। यह हमारे शिक्षकों को धन्यवाद करने का अवसर है, जिन्होंने हमें निःस्वार्थ भाव से ज्ञान और कौशल सिखाए। अतिथि डॉ. रीता पांडेय ने कहा कि आज हम गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं, जो हमारे जीवन में गुरुओं के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने का दिन है। यह पर्व आषाढ़ माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इसे महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी जाना जाता है। गुरु वह दीपक हैं जो हमारे जीवन के अंधकार को दूर करके हमें सफलता की राह दिखाते हैं। वे हमारे चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचीन काल से ही भारत में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है—गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः इस मंत्र से गुरु की महानता झलकती है। अंत में उन्होंने माता पिता को प्रथम गुरु बताते हुए उन्हें प्रणाम करने का संदेश प्रदान किया।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार कन्नौजे द्वारा गुरु की महिमा बताते हुए जीवन में गुरु की महिमा का बखान किया गया, उन्होंने कहा कि गुरु के बिना हमारा जीवन अंधकार मय है, गुरु ही हमें हमें जीवन जीने की कला सीखाते हैं।

हमें गुरु के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता जीआर टांडेकर ने भी गुरु की महिमा के बारे में छात्रों को बताया। कक्षा 10वीं की छात्रा चंचल साहू द्वारा गुरु की महिमा मंडित करते हुए अपने उद्बोधन प्रस्तुत किये। कक्षा 9 वीं की छात्रा योगिता साहू, रूचि ठाकुर ने गुरु की महिमा से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 10वीं की छात्रा आस्था पटनायक के द्वारा शानदार डांस प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार कक्षा 9वीं की छात्रा योगिता साहू, भूमिका यदु ने ड्राइंग बनाकर गुरु की महिमा का बखान किया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था की व्याख्याता ध्रुति श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन प्रियंका पीटर ने किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक विकास यादव, डा. शशबीर कौर, मितेश शर्मा, तृषा शर्मा, राधिका शर्मा, रवि ठाकुर, मदन लाल कौशिक, शनिदेव सिंह ठाकुर, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, अंशुमाला बारिक, अंजू चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर, मोहन कन्नौजे, प्रकाश साहू, दुर्गा मानिकपुरी उपस्थित रहे।

# करनापाली स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

बसना ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला करनापाली में बड़े हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। जिसमें पालक बंधुओं एवं बच्चों द्वारा गुरु पूजन का कार्यक्रम रखा गया। सभी बच्चों ने गुरुओं का तिलक लगाकर फूल देकर गुलदस्ता देकर स्वागत सत्कार किया। गुरु पूर्णिमा के उत्सव पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ गिरधारी साहू ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत गुरुओं का देश रहा है। यहां अनेक गुरुओं ने अपने तन मन धन देकर समाज के भविष्य को गढ़ा है एवं भारत माता के चरणों में एक सुदृढ़ समाज को रखने के लिए अपना



सर्वस्व दिया है, इसलिए गुरुओं का सम्मान करने की संस्कृति हमारे देश में रही है। पश्चात विद्यालय के शिक्षक डॉ वीरेंद्र कर ने कहा कि भारत अपने ज्ञान के विस्तार के लिए जाना जाता है। अनेक गुरुओं ने अपने तन मन धन से भारत माता की सेवा की भारत माता के बच्चों की सेवा की और उनके भविष्य को गढ़कर राष्ट्र के सेवा करने के लिए अर्पित किया है। महर्षि वेदव्यास जिन्होंने वेदों की रचना की उनका जन्म दिवस है उन्होंने वेदों के रूप में ज्ञान के पुंज को पूरे विश्व को दिया इसलिए आज उनकी जन्म जयंती हम सभी गुरु पूर्णिमा के रूप में मना रहे हैं। विद्यालय की शिक्षिका निर्मला नायक ने कहा कि गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देव महेश्वर अर्थात गुरु में ही ब्रह्मा विष्णु और महेश का वास है। अतः गुरुओं का सम्मान इस प्रकार समाज द्वारा हो तभी समाज आगे बढ़ेगा। गुरुओं ने भी पूरे समाज और बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया कि हम सभी तन मन धन से सदैव अपने बच्चों के सुंदर भविष्य के लिए कार्य करेंगे और समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपना तन मन धन समर्पित करेंगे।

# संस्कार पब्लिक स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संस्कार पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति आदर, सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, भजन, कविता पाठ, नाट्य मंचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु की महत्ता को उजागर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भावपूर्ण शब्दों में अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं, जो अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व विद्यार्थियों को यह सिखाते हैं कि ज्ञान के प्रति श्रद्धा और गुरु के प्रति सम्मान जीवन में अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों ने पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।



## खरोरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व पर गुरु महर्षि वेदव्यास गुरु की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि गुरु पूर्णिमा से जुड़ी कई धार्मिक कथाएं हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने चारों वेदों का विभाजन कर उन्हें व्यवस्थित किया था। वेदव्यास को आदि गुरु भी कहा जाता है, और उनके सम्मान में ही इस दिन को व्यास पूर्णिमा के रूप से मनाया जाते हैं और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के अनुसार भगवान गौतम बुद्ध ने बोधगया में ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहली बार सारनाथ में अपने पांच शिष्यों को उपदेश इसी दिन दिया था। यही कारण है कि बौद्ध समुदाय में भी यह दिन विशेष पूजा और ध्यान के साथ मनाया जाता है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा, आचार्यों ने बताया गुरु की महत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम, भारत माता एवं महर्षि वेदव्यास के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस पावन अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन ने गुरु के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के रूप में जाना जाता है। क्योंकि इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संकलन किया और महाभारत की रचना की थी, उनका जन्म यमुना नदी के एक द्वीप पर हुआ था इसलिए उन्हें कृष्ण द्वैपायन के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है और वे चिरंजीवी (अमर) माने जाते हैं। कुछ मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म त्रेता युग के अंत में हुआ था। वेदव्यास ने वेदों को ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में विभाजित किया। उन्होंने महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना की। 18 पुराणों की रचना की, जिनमें श्रीमद्भागवत, ब्रह्मसूत्र और मीमांसा शामिल हैं। महर्षि वेदव्यास को भारतीय संस्कृति और साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। उनके कार्यों ने भारतीय ज्ञान और दर्शन को समृद्ध किया है,इसलिए हर वर्ष गुरु पूर्णिमा के दिन उन्हें याद किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन ने कहा कि हमारे



जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। गु का अर्थ है अंधकार और रु का अर्थ है प्रकाश, अर्थात जो अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश फैलाए , वही गुरु कहलाता है। गुरु पूर्णिमा हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संकलन किया और मानव समाज को अमूल्य ज्ञान दिया। इसलिए सर्वप्रथम वेदव्यास को प्रथम गुरु माना जाता हैं। गुरु पूर्णिमा हमें यह याद दिलाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। जैसे दीपक अंधेरे में रास्ता दिखाता है, वैसे ही गुरु जीवन में हमें सही दिशा दिखाते हैं। यह दिन हमें यह सिखाता है कि हमें हमेशा अपने गुरु के प्रति आदर, धन्यवाद और विनम्रता रखनी चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य शिव कुमार कन्नौजे, दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तारनी गोस्वामी चंद्राकर, चंद्राकर, मल्लिका चंद्राकर, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, निशा गोस्वामी, टिकेश्वरी चंद्राकर, तनुजा साहू, तनुजा साहू, अर्चना साव, साक्षी घोड़ेचोरे, किरण साहू, अजय तांडी, हेमंत साहू, अश्वनी साहू, खोजेंद्र कुमार साहू एवं विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

# विकासखंड स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में वीनू रही प्रथम

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ गुरु पूर्णिमा पर 05 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार एवं ब्लॉक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन 6 बजे 8 सामूहिक जप ध्यान साधना कराया गया। प्रातः9 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पांच पालियां में लगभग 300 लोगों ने आहूतियां दी। 70 नए स्कूली बच्चों को विद्या आरंभ कराया गया एवं विभिन्न संस्कार निशुल्क कराए गए।

निबंध प्रतियोगिता में महासमुंद विकासखंड के 27 हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम वीनू साहू हाईस्कूल अछोला, द्वितीय खुशी देवांगन हायर सेकेंडरी बेलसोंडा, तृतीय स्थान भूमिका चक्रधारी पब्लिक हायर सेकेंडरी बरोंडा बाजार को प्राप्त हुआ। जिन्हें सम्मान पत्र, नगद राशि, स्मृतिचिन्ह एवं साहित्य सहित उपहार प्रदान किया गया। प्रतिभागी सभी बच्चों को गायत्री परिवार की ओर से सम्मान पत्र साहित्य उपहार एवं आने जाने का व्यय दिया गया साथ ही श्रीराम केयर क्लिनिक के संचालक डॉक्टर



शेष नारायण गुप्ता द्वारा सभी बच्चों को वाटर बॉटल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए विजय कुमार लहरे ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए माता-पिता को प्रथम गुरु की संज्ञा देते हुए गुरु शिष्य परंपरा पर विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि आज वेदव्यास जी की जयंती है, वेदव्यास ने वेदों की रचना की जो आत्मा के अंधकार को दूर करने का अवसर प्रदान करता है। विभिन्न युगों में जो गुरु हुए हैं उन गुरुओं का वर्णन करते हुए गुरु के प्रति समर्पण विश्वास और श्रद्धा रखने की बात कही। उन्होंने दो प्रकार के गुर के बारे में चर्चा की, जिसमें प्रथम आध्यात्मिक गुरु और द्वितीय शैक्षणिक गुरु, जो शिक्षा देते हैं। आध्यात्मिक गुरु जीवन को मार्ग दिखाते हैं। इसलिए सभी व्यक्ति को गुरु के प्रति श्रद्धा भाव और विश्वास रखने की बात कही। गायत्री परिवार के द्वारा चलाए गए आंदोलन की प्रशंसा करते हुए जिला शिक्षाकारी ने नैतिक शिक्षा बाल संस्कारशाला एवं नशामुक्ति अभियान के लिए विद्यालयों में एक दिन का समय देने के लिए भी अनुमति प्रदान की। साथ ही इस वर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 35000 बच्चों के सहभागिता की बात कही। डीएमसी रेखराज शर्मा ने सभी महिलाओं से निवेदन किया कि अपने बच्चों के लिए समय निकाले और एक घंटा अपने बच्चों के पास बैठकर उनके पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त करें और गुरु के प्रति श्रद्धा रखें। कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ के भारत साहू एवं आभार प्रदर्शन नरेश साहू ने किया। कार्यक्रम में नरेंद्र नायक, हीरालाल साहू, आशीष साहू सहित सभी परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

